दिन—सोमवार दिनांक— 18 ⁄ 05 ⁄ 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में औद्योगिक संरचना का विकास हो रहा है और अब लोगों को रोजगार के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। पटना के गांधी मैदान में अग्निशमन वाहनों और एआई आधारित आधुनिक अग्निशमन नियंत्रण कक्ष का लोकार्पण एवं उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश में नये उद्योगों के लिए वातावरण तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के बाद अब उद्योगों की स्थापना पर विशेष बल दिया गया है और नये—नये औद्योगिक घराने प्रदेश में निवेश के लिए आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों से प्रदेश की समृद्धि के लिए बिहार लौटने के लिए अपील भी की।

—————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सहयोग कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों का तीस दिनों के भीतर निष्पादन किया जाना अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में सचेत किया। उन्होंने कहा कि निष्पादित कार्यों की रिपोर्ट समय अवधि के भीतर नहीं देने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

—————————————————————————

प्रदेश में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निवारण के लिए कल से पंचायत स्तर पर राज्यव्यापी 'सहयोग शिविर' की शुरुआत हो रही है। सात निश्चय—तीन के सबका सम्मान, जीवन आसान विजन के तहत इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं और प्रशासनिक तंत्र को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। ये शिविर प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे।

—————————————————————————

राज्य के अधिकतर हिस्सों में भीषण गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज रोहतास, भभूआ और बक्सर जिले में कई स्थानों पर लू चलने की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पटना, नालंदा, जहानाबाद, जमुई, मुंगेर, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिण—पश्चिम, दक्षिण—मध्य और दक्षिण—पूर्व भागों में अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। इन भागों में अधिकतम तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। वहीं, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सुपौल, अररिया समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम और उत्तर—पूर्व भागों में कई स्थानों पर आज बारिश की संभावना है।

———————————————————————————

आकाशवाणी पटना का प्रादेशिक समाचार एकांश आज से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू कर रहा है। भोजपुरी समाचार, आकाशवाणी के पटना केन्द्र समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों से शाम छह बजकर पांच मिनट से प्रसारित किये जायेंगें। बुलेटिन की शुरूआत के अवसर पर वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

———प्रोमो—25 सें

भोजपुरी समाचार बुलेटिन को न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी सुना जा सकता है। इसके अलावा यह प्रादेशिक समाचार एकांश के यूट्यूब चैनल, एआइआर न्यूज अंडर स्कोर पटना पर भी उपलब्ध होगा। गौरतलब है आकाशवाणी पटना से पहले से ही हिंदी, उर्दू और मैथिली भाषाओं में प्रादेशिक समाचार बुलिटनों का प्रसारण हो रहा है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर आज सुबह पटना—सासाराम पैसेंजर ट्रेन की एक बोगी में आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पूर्व—मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि फायर ब्रिगेड और रेलकर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया। श्री चन्द्र ने बताया कि घटना की कारणों की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

केन्द्रीय खनन एवं कोयला राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दूबे ने आज नरकटियागंज रेलवे स्टेशन से दरभंगा जाने वाली मेमू सवारी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नरकटियागंज दरभंगा मेमू ट्रेन सेवा शुरू होने से चंपारण और मिथिलांचल के बड़ी आवादी को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने समाहरणालय सभागार में संभावित बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति से निपटने की पूर्व तैयारियों की समीक्षा की।

———————————————————————

सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में आभूषण दुकान में लूटकांड का मुख्य आरोपी अंकित कुमार सिंह घायल हो गया। उसे दोनों पैर में गोली लगी है। पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

———————————————————————

रोहतास के जिलाधिकारी उदिता सिंह ने आज जनजातीय गरिमा उत्सव का उद्घाटन किया। कल से पच्चीस मई तक जिले के पांच प्रखंडों के उन्नीस जनजातीय बहुल गांवों में उत्सव के तहत शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ–साथ लाभार्थियों की पहचान कर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा।

———————————————————————

समाप्त